न्यूज़ बुलेटिन :

# सन्मार्ग

वर्ष–2 अंक–17

कालीचरण पी0जी0 कॉलेज, लखनऊ की प्रस्तुति

मासिक – अगस्त व सितम्बर, 2024


## सत्र का उद्देश्य

- पढ़ने और सीखने की प्रवृत्ति को रूचिकर बनाना
- शिक्षा को रोजगारोन्मुख बनाना
- देश और मानवता के हित में अपने को योजित करना
- नैतिक और धार्मिक मूल्यों का अवगाहन


**प्रबन्धक**

इं0 वी0 के0 मिश्र

**प्राचार्य**

प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय

**सम्पादकीय**

सम्पादक

राजीव यादव

उप–सम्पादक

नितिन कुमार सिंह

सहयोग

पुष्पेन्द्र कुमार


# कालीचरण पी०जी० कॉलेज

**हरदोई रोड, चौक, लखनऊ–226003**

**(लखनऊ विश्वविद्यालय)**

## Events at College

### प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन :

03 अगस्त, 2024 को श्याम सुन्दरदास सभागार में बीकॉम, बीबीए, एमकॉम एवं एमकॉम अप्लाई इकोनॉमिक्स के प्रथम वर्ष के नव प्रवेशित छात्र–छात्राओं के लिए एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का अधिकारिक उद्घाटन प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय ने महाविद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका प्रो0 मीना कुमारी तथा वाणिज्य संकाय सदस्यों के साथ किया। प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और छात्र–छात्राओं को कॉलेज के विजन, मिशन और मूल्यों के बारे में बताया। कॉलेज के संक्षिप्त विवरण इसके आदर्शवाद, गौरवशाली इतिहास और कालीचरण की प्रतिष्ठा के साथ–साथ मुख्यमंत्री अभ्युदय निःशुल्क कोचिंग योजना के बारे में बताया।

### कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला का हुआ आयोजन




09.08.2024 को कालीचरण पी0जी0 कॉलेज, लखनऊ में कालीचरण महाविद्यालय तथा डिपार्टमेंट ऑफ ट्रेनिंग एण्ड एम्प्लायमेंट गवर्नमेण्ट ऑफ यू0पी0 के संयुक्त तत्वावधान में एक **कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला** का आयोजन हुआ, जिसमें बी0एस0सी0, बी0कॉम तथा बी0ए0 के तृतीय व पंचम् सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने बहुत उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्रबंधक इं0 वी0के0 मिश्र जी द्वारा किया गया। प्रबंधक महोदय ने युवाओं को अपेक्षित स्किल के विकास, स्वरोजगार तथा बिजनेस आदि पर ध्यान केन्द्रित करने को कहा। उन्होंने सेवा योजन विभाग, उ0 प्र0 तथा **वनडे गवर्नमेण्ट इक्ज़ाम वाला की स्किलिंग** आदि की जानकारी विद्यार्थियों को देने के लिए प्रशंसा की। कार्यक्रम में पधारे जिला सेवायोजन अधिकारी हिमांशु सिंह ने

विद्यार्थियों को भविष्य में विभिन्न करियर अवसरों से संबंधित जानकारी दी। विद्यार्थियों को भविष्य में सफल होने के लिए ज्ञान व कौशल अर्जित करने तथा साकारात्मक रवैया अपनाने की जरूरत है। फिजिक्स वाला कोचिंग के शिक्षक गौरव उपाध्याय ने भी विद्यार्थियों को भविष्य की तैयारी के बारे में जागरूक किया। समय प्रबंधन का महत्व समझाया और बताया किस तरह विद्यार्थी अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसे पूरा कर सकते हैं बी0,एस0सी0 प्रथम वर्ष के नव प्रवेशित छात्र–छात्राओं के लिए, अभिप्रेरण (इनडक्शन) का आयोजन। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के शिक्षक भी उपस्थित रहे।

आज ही के दिन महाविद्यालय में आयोजित **काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी समारोह** के अवसर पर क्रांतिकारियों को याद करते हुए प्रबन्धक इं0 वी0के0 मिश्र ने कहा कि देश को आजाद कराने में क्रांतिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका थी और काकोरी की घटना ने अंग्रेजी प्रशासन की चूले हिला दी थी।'

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय ने चन्द्रशेखर आजाद, राम प्रसाद बिस्मिल आदि क्रांतिकारियों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन क्रांतिकारियों के बलिदान से ही देश आजाद हुआ था। इन्होंने ये कभी नहीं सोचा कि हमें क्या मिलेगा? इनका सपना तो बस अपने देश को आजाद कराना था।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक मीना कुमारी, डॉ0 वी0एन0 मिश्र, डॉ0 अल्का द्विवेदी, डॉ0 अर्चना मिश्रा, डॉ0 मनोज कुमार पाण्डेय आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 शिवकुमार ने किया।

**<u>थाली मेकिंग प्रतियोगिता</u> :**



दिनांक 13.08.2024 को कालीचरण पी0जी0 कॉलेज, लखनऊ में रक्षाबन्धन को केन्द्र में रखकर **'थाली मेकिंग प्रतियोगिता'** का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्र–छात्राओं ने बढ़–चढ़कर प्रतिभाग किया। बी0ए0 तृतीय वर्ष की छात्रा रमा भारती ने तृतीय, बी0ए0 द्वितीय वर्ष के छात्र अभिषेक शुक्ला ने द्वितीय और बी0बी0ए0 प्रथम वर्ष की छात्रा कशिश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ध्यातव्य हो कि विद्यार्थियों ने ये सभी कलाकृतियाँ घर की रसोई के टूटे–फूटे सामानों से तथा क्ले से बनाया है।

महाविद्यालय के प्रबंधक इं0 वी0के0 मिश्र ने सभी विजयी प्रतिभागियों को शुभकामना देते हुए कहा कि तीज–त्योहार हमारी संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है और नई पीढ़ी को अपने त्योहारों को जानना और मनाना चाहिए। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके द्वारा किए गए कार्य की सराहना की। प्रतियोगिता का सफल आयोजन प्रो0 कल्याणी द्विवेदी के नेतृत्व में किया गया। डॉ0 राजकुमार सिंह, डॉ0 पूनम अस्थाना, डॉ0 सुष्मिता पाण्डेय आदि शिक्षकों ने प्रतियोगिता सम्पन्न कराने में सहयोग दिया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे। महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया।



महाविद्यालय में आज ही के दिन **कालीचरण इण्डाउमेंट ट्रस्ट की प्रबन्ध समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक** आहूत थी। जिसमें पूर्व वाइस चांसलर प्रो0 एम0पी0 सिंह, जिलाधिकारी महोदय के प्रतिनिधि के रूप में एस0डी0एम0 (भूमि अधिग्रहण) श्री उमेश उपाध्याय, प्रबन्धक इं0 वी0के0 मिश्र, सदस्य श्री अमित टण्डन, श्री चन्द्र प्रकाश गर्ग, प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय, इण्टर कॉलेज के प्राचार्य श्री अनिल कुमार मिश्रा, सदस्य श्री0 वी0एन0 मिश्रा एवं प्रो0 अर्चना मिश्रा आदि ने भाग किया। इस बैठक में प्रबन्ध समिति द्वारा महाविद्यालय तथा इण्टर कॉलेज के शैक्षिक एवं भौतिक विवरण के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये।

**<u>बी0एस0सी0 प्रथम वर्ष के नव प्रवेशित छात्र–छात्राओं के लिए अभिप्रेरण (इनडक्शन) का आयोजन :</u>**

दिनांक 14.08.2024 को कालीचरण पी0जी0 कॉलेज, लखनऊ लालजी टण्डन भवन में बी0एस0सी0 प्रथम वर्ष के नव प्रवेशित छात्र–छात्राओं के लिए अभिप्रेरण (इनडक्शन) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रो0 मीना कुमारी ने अपने वक्तव्य से किया। विज्ञान विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ0 इरा रस्तोगी ने सर्वप्रथम छात्र–छात्राओं को नई शिक्षा नीति पाठ्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही महाविद्यालय में होने वाले अनेक पाठ्येत्तर गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान की। महाविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर श्री डी0सी0डी0आर0 पाण्डेय ने महाविद्यालय का स्वर्णिम इतिहास बताते हुए विद्यार्थियों का स्वागत एवं मार्गदर्शन किया और अनुशासन के बारे में बताया। बी0एस0सी0 द्वितीय वर्ष के छात्र आदित्य द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया एवं अदिति ने प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों से अपने अनुभव साझा किये। कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय ने

कॉलेज के द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में बताते हुए अपना आर्शीवचन दिया। मंच का संचालन डॉ0 वन्दना यादव द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में विज्ञान संकाय के समस्त प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित हुए।

**कालीचरण में मनाया गया 78वाँ स्वतंत्रता दिवस :**





15.08.2024 को **78वें स्वतंत्रता दिवस** के अवसर पर कालीचरण पी0जी0 कॉलेज लखनऊ में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्रबंधक इं0 वी0के0 मिश्र जी द्वारा ध्वजारोहण करके किया गया। राष्ट्रगान गाकर सभी ने देश के प्रति सम्मान व्यक्त किया। राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी के चित्र पर माल्यार्पण करके सभी ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने देशभक्ति पूर्ण अनेक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। बी0ए0 की छात्राओं पायल, प्रियंका और नेहा ने 'ओ देश तेरी शान पे सदके, पूजा, दामिनी और दिव्या ने 'लहर–लहर लहराए ये तिरंगा प्यारा' जैसे देशभक्ति पूर्ण मधुर गीतों की प्रस्तुति दी। **एक्टिविटी क्लब** की ओर से आयोजित **थाली मेंकिंग प्रतियोगिता** में विजयी छात्र–छात्राओं को प्रबंधक जी द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के **प्रबंधक इं0 वी0के0 मिश्र** ने सभी को स्वतंत्रता–दिवस की बधाई देते हुए कहा कि **'आज का दिन स्वतंत्रता के लिए लड़ते हुए जो बलिदान हो गए उनको याद करने का दिन है और उनके सपनों को पूरा करना ही स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। इसके लिए देश के युवाओं को आगे आकर देश को प्रगति के मार्ग पर ले जाने के लिए कठोर परिश्रम करना होगा।'** महाविद्यालय के **प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय** ने कहा कि **'आज हम सभी अपने अधिकारों की तो बात करते हैं, लेकिन हमने देश के लिए क्या किया? इस विषय में चिंतन नहीं करते। हमें अपने साथ–साथ देश के लिए भी सोचना चाहिए, तभी हमारा देश उन्नति के मार्ग पर आगे बढ़ सकता है।'**

इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठतम प्राध्यापक प्रो0 मीना कुमारी, डॉ0 डी0सी0डी0आर0 पाण्डेय, प्रो0 कल्याणी द्विवेदी, प्रो0 अर्चना मिश्रा, प्रो0 वी0एन0 मिश्रा, प्रो0 मनोज कुमार पाण्डेय आदि के साथ समस्त प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने भारी संख्या में सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 अरूण कुमार यादव ने किया।

**अमृतलाल नागर जी के जन्म जयंती वर्ष के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन :**





आज दिनांक 17.08.2024 को कालीचरण पी0जी0 कॉलेज, लखनऊ में अमृतलाल नागर जी के जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बागवान, निकाह, आखिर क्यों जैसी फिल्मों की पटकथा लेखिका और नागर जी की सुपुत्री अचला नागर जी की गरिममयी उपस्थिति से महाविद्यालय गौरवान्वित हुआ। महाविद्यालय में नागर जी के चित्र का अनावरण अचला नागर जी के कर–कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर अपना परिचय देते हुए आपने कहा कि – 'मै बाबू जी (नागर जी) की पुत्री हूँ इससे बड़ा मेरा परिचय और क्या हो सकता है। उनके द्वारा साहित्य के जो संस्कार मिले हैं, उन्ही को आगे बढ़ा रही हूँ। भारत सरकार ने तीन तलाक पर जब कानून बनाया उस समय समाचार चैनलों पर 'निकाह' फिल्म के दृश्य बार–बार दिखाये जा रहे थे और वह इस कानून के लिए एक मजबूत आधार भी बनी, तब ऐसा महसूस हुआ कि बाबू जी की बात को मै देश वासियों तक पहुचाने में सफल हुई। इस अवसर पर नागर जी की पौत्र वधु सविता नागर जी ने बाबू जी के जीवन से जुड़ी अनेक घटनाओं का जिक्र किया और कहा कि 'नागर जी मशीन से मनुष्य बनने का आधार हैं।'

महाविद्यालय के प्रबंधक इं0 वी0के0 मिश्र जी ने अचला नागर जी का स्वागत किया और कहा कि अमृतलाल नागर जी का साहित्य सम्पूर्ण विश्व को दिशा दिखाने वाला है और हमारे महाविद्यालय के लिए यह और भी गौरव का विषय है कि वो यहाँ के छात्र रहे हैं। नागर जी हम सभी के प्रेरणास्रोत रहे हैं, उनके व्यक्तित्व से सभी लाभान्वित होते रहे इसलिए प्रबंध समिति ने दिनांक 13.08.2024 को अपनी बैठक में सर्वसम्मति से **बहूद्देशीय सभागार का नाम अमृतलाल नागर सभागार** कर दिया है। प्रबंध समिति के सदस्य अमित टण्डन जी ने कहा कि नागर जी को लखनऊ की जितनी जानकारी थी उतनी शायद और किसी को नहीं थी। वो लखनऊ के गूगल थे। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय ने कहा कि नागर जी भाव जगत के प्रजापति थे। मानवीय भावनाओं का जैसा सृजन नागर जी ने किया है वैसा अन्य कोई नहीं कर पाया है। महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिका

अर्चना मिश्रा ने नागर जी के साहित्य पर चर्चा करते हुए कहा कि खंजन नयन और मानस का हंस जैसे उपन्यासों की रचना करके सूर और तुलसी जैसे महान कवियों को बड़े ही सरल शब्दों में जनसामान्य को समझने का अवसर दिया है। समाजशास्त्र के प्राध्यापक वी0एन0 मिश्र ने कहा कि नागर जी का जीवन हम सभी को आगे बढ़ने की प्रेरणा देता रहेगा। इस अवसर पर अचला नागर जी ने नागर जी के जीवन पर प्रकाश डालने वाली कॉफी टेबल बुक और उनके जीवन पर लिखी स्वयं की पुस्तक महाविद्यालय को भेट की। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय प्रबंध समिति के वरिष्ठ सदस्य एम0पी0 सिंह जी, चन्द्र प्रकाश गर्ग जी तथा महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण उपस्थिति रहे।

**राखी प्रतियोगिता का आयोजन :**



आज दिनांक 17.08.2024 को महाविद्यालय के शताब्दी सभागार में राखी पर्व के अवसर पर राखी प्रतियोगिता का आयोजन सांस्कृतिक समिति के द्वारा किया गया। महाविद्यालय के समस्त विभागों के विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया सांस्कृतिक समिति के सदस्यों डॉ0 पूनम अस्थाना, डॉ0 दीपमाला वर्मा, डॉ0 गुंचा फातिमा एवं डॉ0 संघमित्रा गौतम, डॉ0 मंजूषा अवस्थी के सहयोग से प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

निर्णायक मण्डल में प्रो0 मीना कुमारी एवं प्रो0 अर्चना मिश्रा जी रहीं जिन्होंने समस्त विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना की और प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार की घोषणा की।

| | | |
|---|---|---|
| प्रथम पुरस्कार | – इशिका कश्यप | – एम0ए0 प्रथम सेमेस्टर |
| द्वितीय पुरस्कार | – हिमानी त्रिवेदी | – बी0बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर |
| तृतीय पुरस्कार | – ज्योति कुमारी | – एम0ए0 प्रथम सेमेस्टर |
| 1. सांत्वना पुरस्कार | – प्रियंका तिवारी | – एम0ए0 प्रथम सेमेस्टर |
| 2. सांत्वना पुरस्कार | – कामाक्षी | – बी0बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर |

**कालीचरण महाविद्यालय में शिक्षक दिवस मनाया गया :**



दिनांक 05 सितम्बर, 2024 को कालीचरण महाविद्यालय में शिक्षक दिवस मनाया गया। शिक्षक दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के प्रबन्धक इ0 वी0के0 मिश्र, प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय और केनरा बैंक के शाखा प्रबन्धक श्री मनीष अरोरा उपस्थिति थे। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबन्ध्क इं0 वी0के0 मिश्र ने प्राध्यापकों को पेन और डायरी देकर सम्मानित किया।

**रोजगार मेले का आयोजन किया गया :**

दिनांक 13 सितम्बर, 2024 को कालीचरण महाविद्यालय में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले में 301 अभ्यर्थियों का चयन हुआ। लालबाग स्थित क्षेत्रीय सेवा योजन कार्यालय की ओर से लगे मेले में 11 निजि कंपनियों ने 740 अभ्यर्थियों के इंटरव्यू लिए इनमें 301 का विभिन्न पदों पर चयन हुआ। अस अवसर पर कालेज के प्रबंधक वी0के0 मिश्र, सेवायोजन के सहायक निदेशक और प्रभारी जिला रोजगार सहायता अधिकारी भी मौजूद रहे।



**<u>वर्तमान हिन्दी का स्वरूप और विकास विषय पर भव्य हिन्दी–दिवस मनाया गया :</u>**









14 सितम्बर, 2024 को कालीचरण महाविद्यालय, लखनऊ में हिन्दी–दिवस मनाया गया। जिसका विषय '**वर्तमान हिन्दी का स्वरूप और विकास**' था। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रबंधक ई0 वी0के0 मिश्र ने तकनीकि विषयों के पाठ्यक्रम एवं विषय सामग्री हिंदी भाषा में हों, इस बात पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि प्रज्ञा त्रिपाठी जी ने हिंदी की रोजगारपरक महत्ता पर प्रकाश डाला और ये बताया कि आज हिंदी रोजगार की दृष्टि से नये–नये अवसर लोगों को प्रदान कर रही है। एक्सिस बैंक के रीजनल मेनेजर ने बैंकिंग क्षेत्र में हिंदी की रोजगारपरकता पर प्रकाश डाला और इसे महत्वपूर्ण बताया। मुख्य अतिथि गिरीशचन्द्र मिश्र जी ने इस बात पर बल दिया कि लोगों को हिंदी के साथ मन हृदय और आत्मा के साथ रहना होगा, केवल वाचिक रूप से नहीं। संयोजक प्रो0 मनोज कुमार पाण्डेय ने अपने गीत

**"कारवाँ हिंदी का बढ़ता जाता है जी**
**रंग संसार पर चढ़ता जाता है जी।"**

के माध्यम से हिंदी की प्रारम्भिक यात्रा से आज की वर्तमान स्थिति को बयान किया, तो वहीं युवा ओजस्वी कवि अशोक अग्निपथी ने

**"हिंदी भारत की बिंदी है,**
**फिर सड़कों पर क्यों रोती है।**
**जिसका उधार का वैभव है,**
**वो महलों में क्यों सोती है।**

के माध्यम से व्यवस्था की हिंदी के प्रति उदासीनता पर सवाल उठाया।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय कार्यक्रम में पधारे सभी गणमान्य व्यक्तियों का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए जन–मन में गहराई तक रची–बसी हिंदी भाषा के उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रबंधक इं0 वी0के0 मिश्र ने की, मुख्य अतिथि के रूप में श्री गिरीशचन्द्र मिश्र उपाध्यक्ष ललित कला अकादमी, उ0प्र0, विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती प्रज्ञा त्रिपाठी, जिला सेवायोजन अधिकारी एवं एक्सिस बैंक के रीजनल मैनेजर श्री धीरज कुमार राय ने सहभागिता की। प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय के निर्देशन में हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो0 मनोज कुमार पाण्डेय ने कार्यक्रम का आयोजन किया। मंच संचालन डॉ0 अरूण कुमार यादव ने बड़ी कुशलता के साथ किया। हिंदी विभाग के शिक्षक राजीव यादव, श्री नितिन सिंह एवं डॉ0 शोभा श्रीवास्तव ने इस कार्यक्रम को स्वरूप देने में महती भूमिका निभाई। कार्यक्रम में भारी संख्या में छात्र–छात्राओं के साथ महाविद्यालय के शिक्षकों ने सहभागिता की और कार्यक्रम को सफल बनाया।

**<u>महाविद्यालय में Skill Hub Initiative कार्यक्रम का उद्घाटन :</u>**





दिनांक 21.09.2024 को कालीचरण पी0जी0 कालेज लखनऊ में भारत सरकार के कौशल विकास मंत्रालय (MSDE) के अन्तर्गत राष्ट्रीय कौशल विकास योजना (NSDC) के **Skill Hub Initiative** कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्रबन्धक इ0 वी0के0 मिश्र के कर कमलो से हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में कौशल प्रदान करना एवं स्वनियोजित व्यवसाय के रूप में स्थापित करना है।

इस कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है :–

(1) **Marketing & Salesmanship** — मार्केटिंग एवं सेल्समैनशिप

(2) **Accounting & Auditing**— एकाउंटिंग और ऑडिटिंग

(3) **Information Technology**— इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी

(4) **Handicraft**— हैण्डिक्राफ्ट

(5) **Courses Related to Beautician**— कोर्सेज़ रिलेटेड टू ब्यूटीशियन

(6) **Technician is Several Areas**— टेक्निशियन इज़ सेवेरल एरियाज़

उक्त कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित कार्यक्रम है। अतः कॉलेज के विद्यार्थियों को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय ने पूरे लखनऊ में कालीचरण पी0जी0 कालेज में सर्वप्रथम योजना के शुभारम्भ पर हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के भारी उत्साह की सराहना की। ध्यातव्य हो कि कालेज में इस समय 60–60 विद्यार्थियों के चार बैच लाइव चल रहे हैं। 6 महीन के प्रशिक्षण के बाद इन प्रशिक्षुओं को भारत सरकार से निर्धारित स्वरूप में प्रमाण पत्र दिया जायेगा।





आज ही के दिन महाविद्यालय में **'नवरस कथा'** फिल्म का प्रोमोशन करने फिल्म के डायरेक्टर प्रवीन हिंगोनिया, कलाकार अभिषेक मिश्रा, फिल्म के मुख्य किरदारों में से एक अमिता शर्मा (प्रतिज्ञा सीरियल में आपकी ठकुराईन की भूमिका से बेहद लोकप्रिय रही हैं) अपनी पूरी मीडिया टीम के साथ पधारे तथा फिल्म का 'प्रोमो' लांच किया। सैकड़ों की संख्या से खचाखच भरे आडिटोरियम में दर्शकों ने पूरी तल्लीनता से फिल्म का अवलोकन किया तथा इसे जमकर सराहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्रबन्धक इ0 वी0के0 मिश्र ने फिल्म में महिलाओं की समस्याओं के विश्वसनीय फिल्मांकन के लिए पूरी टीम को बधाई दी। प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय ने पधारे सभी अतिथियों जिसमें छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान पार्षद सी0पी0 सिंह भी शामिल थे का हृदय से धन्यवाद ज्ञापन किया तथा फिल्म की सफलता की शुभकामना की।

आज ही के दिन महाविद्यालय में चल रहे **स्वच्छता पखवाड़े** के अन्तर्गत वृक्षारोपण हुआ। इस कार्यक्रम में प्रबन्धक इं0 वी0के0 मिश्र, पार्षद सी0पी0 सिंह तथा प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय ने वृक्षारोपण का कार्य किया।

**विश्व बंधुत्व दिवस कार्यक्रम श्रंखला के अंतर्गत संभाषण प्रतियोगिता का आयोजन :**



दिनांक 25.09.2024 को कालीचरण पीजी कालेज लखनऊ में विश्व बंधुत्व दिवस कार्यक्रम श्रंखला के अंतर्गत संभाषण प्रतियोगिता का आयोजन कालीचरण पीजी कालेज और विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्र–छात्राओं ने स्वामी विवेकानन्द द्वारा 1893 ईस्वी में विश्व धर्म सम्मेलन शिकागो में दिए गए प्रथम वक्तव्य का पुनर्पाठ भाषण के रूप में किया। प्रतियोगिता में अंग्रेजी वर्ग में जान्हवी सिंह एम. ए. तृतीय सेमेस्टर को प्रथम, अर्शिया अली बी. ए. तृतीय सेमेस्टर को द्वितीय और प्रतीक सिंह बी. ए. तृतीय सेमेस्टर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। हिंदी वर्ग में रामा देवी बी. ए. फर्स्ट सेमेस्टर को प्रथम, काजल मिश्रा बी. ए. फिफ्थ सेमेस्टर को द्वितीय और अर्शी बी. एस. सी. फर्स्ट सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विजयी छात्रों को महाविद्यालय के प्रबंधक इं0 वी. के. मिश्र और मुख्य अतिथि प्रोफेसर विनोद सोलंकी, पूर्व अध्यक्ष अंग्रेजी विभाग गोरखपुर विश्वविद्यालय ने पुस्तकें और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। अपने आशीर्वचन देते हुए प्रबंधक महोदय ने स्वामी

विवेकानन्द के जीवन से संबंधित अनेक शिक्षाप्रद घटनाओं का उल्लेख किया और विद्यार्थियों से उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रोत्साहित किया।

मुख्य अतिथि प्रो0 विनोद सोलंकी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद का चिंतन और शिक्षाएं वर्तमान विश्व को दिशा प्रदान करने वाली हैं । उनके पदचिन्हों पर चलकर हम अपने राष्ट्र को उन्नति के शिखर पर ले जा सकते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर चंद्र मोहन उपाध्याय ने विषय पर अपनी बात रखते हुए कहा कि स्वामी विवेकानन्द ने सर्वप्रथम विश्वधर्म की कल्पना की थी। उनका चिंतन मानवता की नींव पर टिका था।

कार्यक्रम की संयोजिका प्रोफेसर अर्चना मिश्रा ने सभी का स्वागत करते हुए छात्रों का उत्साहवर्धन किया और स्वामी विवेकानंद द्वारा शिकागो धर्म सम्मेलन में दिए गए वक्तव्य पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानन्द ने उस समय विश्व को जो मार्गदर्शन प्रदान किया था वर्तमान में उसी मार्ग का अनुसरण करने की आवश्यकता है। तभी हम युवा शक्ति का निर्माण कर सकेंगे।

महाविद्यालय के प्रोफेसर डी. सी. डी. आर. पाण्डेय, डॉ0 अल्का द्विवेदी और डॉ0अरुण कुमार यादव जी ने निर्णायक मंडल की भूमिका का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया और प्रतिभागी छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा लखनऊ के प्रभारी डॉ0 दीप नारायण पाण्डेय ने सभी विद्यार्थियों से स्वामी विवेकानंद के साहित्य को पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि इस अंधकार युग में स्वामी जी का साहित्य हमें व्यक्तित्व निर्माण की प्रेरणा प्रदान करता है। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ0 श्रुति मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में प्रोफेसर मीना कुमारी, प्रोफेसर मनोज कुमार पाण्डेय, प्रोफेसर कल्याणी द्विवेदी सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण और विद्यार्थी भारी संख्या में उपस्थित रहे।

**महाविद्यालय में परास्नातक विद्यार्थियों के लिए अब होंगी यूजीसी–नेट की कक्षाएं**



दिनांक 25.09.2024 को महाविद्यालय में परास्नातक विद्यार्थियों के लिए यूजीसी–नेट परीक्षा की तैयारी के लिए निशुल्क कक्षाएं शुरू की गयी। इसका उद्घाटन महाविद्यालय के प्रबंधक इं0 वी0के0 मिश्र ने फीता काटकर किया।

**ग्रीन ऑडिट कमेटी द्वारा पक्षी घर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन :**






ग्रीन ऑडिट कमेटी द्वारा दिनाँक 26.09.2024 को पक्षी घर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के विभिन्न संकायो से छात्र–छात्राओं ने अत्यन्त उत्साहपूर्वक प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।

निर्णायक मण्डल प्रो0 अल्का द्विवेदी (शिक्षाशास्त्र विभाग) एवं डॉ0 श्वेता पाण्डेय (राजनीति शास्त्र विभाग) द्वारा प्रतिभागियों द्वारा बनाये गये पक्षी घरो का मूल्यांकन करने के उपरान्त निर्णय दिया गया जो निम्न है :–

प्रथम पुरस्कार–नैन्सी (M.A. I Sem.), द्वितीय पुरस्कार–इशिका कश्यप (M.A. I Sem.), तृतीय पुरस्कार–वैशाली शर्मा (M.A. III Sem.) एवं चार सांत्वना पुरस्कार क्रमशः रिया लोधी (B.A. III Sem.), ज्योति कुमारी (M.A. I Sem.), नशराखान (B.B.A. I Sem.), एवं कामाक्षी (B.B.A. I Sem.) को दिये गये।

प्रतियोगिता में ग्रीन ऑडिट कमेटी के सदस्यों ने अपनी सहभागिता की एवं पूर्ण सहयोग प्रदान किया।




**'आत्मनिर्भर भारत' विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन :** कालीचरण पी0जी0 कॉलेज में 27 सितंबर, 2024 को **'आत्मनिर्भर भारत'** विषय पर एक **भाषण प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के बीच आत्मनिर्भरता के महत्व को समझाना और उन्हें अपने विचारों को व्यक्त करने के लिए एक मंच प्रदान करना था।

प्रतियोगिता में छात्र–छात्राओं ने भाग लिया, जिनमें से प्रत्येक ने अपने विचार और दृष्टिकोण प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत आने वाले विभिन्न पहलुओं जैसे 'मेक इन इंडिया', 'डिजिटल इंडिया', 'स्टार्टअप्स का विकास', 'स्थानीय उत्पादों का प्रोत्साहन' और 'कौशल विकास' पर जोर दिया।

कार्यक्रम में प्रमुख वक्ताओं ने बताया कि आत्मनिर्भरता का अर्थ सिर्फ स्वावलंबन नहीं है, बल्कि देश के विकास में योगदान देना भी है। एक छात्र ने अपने संभाषण में कहा कि आत्मनिर्भरता से न केवल भारत की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी, बल्कि भारत एक वैश्विक शक्ति के रूप में उभर सकेगा। मुख्य अतिथि के रूप में कालेज के प्राचार्य, प्रोफेसर चंद्र मोहन उपाध्याय ने छात्रों को आत्मनिर्भर भारत की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से अवगत कराते हुए वर्तमान में हो रहे अनेक प्रयासों और योजनाओं की भी जानकारी दी।

निर्णायक मंडल में डॉ0 अनीता आर्या और डॉ0 दीपमाला वर्मा ने अहम भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार काजल मिश्रा बी0ए0 पंचम् सेमेस्टर, द्वितीय पुरस्कार अजीत सिंह एम0ए0 प्रथम सेमेस्टर और तृतीय पुरस्कार अभिषेक शुक्ला बी0ए0 तृतीय सेमेस्टर को मिला। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ।

इस प्रकार कालीचरण पीजी कॉलेज में आयोजित यह प्रतियोगिता छात्रों के लिए एक प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक अनुभव रही, जिसने उन्हें आत्मनिर्भरता के महत्व को समझने और उसे अपने जीवन में लागू करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में सांस्कृतिक समिति की समन्वयक डॉ0 अल्का द्विवेदी, श्री नितिन सिंह, डॉ0 प्रभाष दीक्षित, डॉ0 श्वेता पाण्डेय, डॉ0 पूनम अस्थाना, डॉ0 मंजूषा अवस्थी, डॉ0 शोभा श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

**स्वच्छता पखवाड़ा :**

कालीचरण महाविद्यालय में 17 सितम्बर, 2024 से लेकर 02 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। जिसके अंतर्गत N.S.S. के छात्रों द्वारा महाविद्यालय में साफ–सफाई किया गया और पौधे लगाये गये।






# Kalicharna In News Paper



दैनिक भास्कर

**कालीचरण पीजी कॉलेज में ओरिएंटेशन कार्यक्रम किया गया आयोजित**

लखनऊ। राजधानी के कालीचरण पीजी कॉलेज लखनऊ ने 3 अगस्त शनिवार को श्याम सुंदर दास हाल में बीकॉम, बीबीए, एमकॉम एवं एमकॉम अप्लाई इकोनॉमिक्स के प्रथम वर्ष के नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का आधिकारिक उद्घाटन प्राचार्य प्रो. चंद्रमोहन उपाध्याय ने महाविद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका प्रो. मीना कुमारी तथा वाणिज्य संकाय सदस्यों के साथ किया। प्राचार्य प्रो. चंद्रमोहन उपाध्याय ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और छात्र-छात्राओं को कॉलेज के विजन, मिशन और मूल्यों के बारे में बताया। कॉलेज के संक्षिप्त विवरण इसके आदर्शवाद, गौरवशाली इतिहास और कालीचरण की प्रतिष्ठा के साथ-साथ मुख्यमंत्री अभ्युदय निःशुल्क कोचिंग योजना के बारे में बताया।



अटल बिहारी वाजपेई नगर निगम डिग्री कालेज में हिंदी दिवस समारोह पर छात्राओं ...

**'वर्तमान हिंदी का स्वरूप और विकास' विषय पर चर्चा**

कालीचरण पीजी कालेज में हिंदी दिवस पर पूर्व सीडीओ मोहन चंद्र त्रिपाठी की 'अक्षर बनते मीत और छूकर उजले पंख' कविता संग्रह का विमोचन करते (बाएं से) प्रो. मनोज पांडेय, प्राचार्य प्रो. चंद्र मोहन उपाध्याक्ष, प्रबंधक वीके मिश्र, ललित कला एकेडमी के उपाध्यक्ष गिरीशचन्द्र मिश्र, जिला सेवायोजन अधिकारी डा. प्रज्ञा त्रिपाठी उपाध्यक्ष व एक्सिस बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक धीरज कुमार राय ● सौजन्य से कालेज

कालीचरण पीजी कालेज चौक में "वर्तमान हिंदी का स्वरूप और विकास" विषय पर शनिवार को हिंदी दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि गिरीश चंद्र मिश्र ने कहा कि लोगों को हिंदी के साथ सिर्फ वाचिक रूप से नहीं, मन हृदय और आत्मा के साथ रहना होगा। प्रबंधक वीके मिश्र ने तकनीकी विषयों के पाठ्यक्रम एवं विषय सामग्री हिंदी भाषा में होने पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि जिला सेवायोजन अधिकारी प्रज्ञा त्रिपाठी ने हिंदी की रोजगारपरक महत्ता पर विचार रखे। इस मौके पर प्रो. चंद्र मोहन, धीरज राय, डा. अरूण यादव व प्रो. मनोज मौजूद रहे।



**कालीचरण पीजी कालेज में ओरिएंटेशन**

लखनऊ: कालीचरण पीजी कालेज में शनिवार को श्याम सुंदर दास हाल में बी.काम, बी.बी.ए, एम.काम व एम.काम अप्लाई इकोनामिक्स प्रथम वर्ष के छात्र–छात्राओं के लिए, ओरिएंटेशन कार्यक्रम हुआ। डा. रश्मि मिश्रा ने कार्यक्रम का संचालन किया। प्राचार्य प्रो. चंद्रमोहन उपाध्याय ने छात्र–छात्राओं को कालेज के विजन, मिशन और मूल्यों के बारे में बताते हुए। संस्थान में दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दीं। (जासं)

लखनऊ | शनिवार 28.09.2024

र उजाला 5

न्यूज डायरी

## भाषण प्रतियोगिता में दिखाई दक्षता




**लखनऊ।** कालीचरण पीजी कॉलेज में शुक्रवार को आत्मनिर्भर भारत विषय पर भाषण प्रतियोगिता हुई। इसमें प्रतिभागियों ने मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप्स का विकास, स्थानीय उत्पादों का प्रोत्साहन और कौशल विकास पर बात रखी। इस दौरान प्राचार्य प्रो. सीएम उपाध्याय, डॉ. अनीता, डॉ. दीपमाला आदि मौजूद रहे। (संवाद)

Campu

न्यूज डायरी

## कौशल विकास से दक्ष बनेंगे विद्यार्थी



**लखनऊ।** कालीचरण पीजी कॉलेज में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन प्रबंधक वीके मिश्रा ने किया। कार्यक्रम का उद्देश्य महाविद्यालय के विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में कौशल प्रदान कर दक्ष बनाना है जिससे वह आत्मनिर्भर बनने के साथ ही स्वरोजगार के लिए प्रेरित हों। प्राचार्य प्रो. चंद्रमोहन उपाध्याय ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को मार्केटिंग, अकाउंटिंग और इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, हैंडीक्राफ्ट, व टेक्निशियन का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्राचार्य ने बताया कि कॉलेज में नवरस कथा फिल्म का प्रदर्शन हुआ। इसमें इसके कलाकार उपस्थित रहे। (संवाद)

## रोजगार मेले में 301 अभ्यर्थियों का चयन

**एनबीटी सं., लखनऊः** कालीचंरण डिग्री कॉलेज में शुक्रवार को रोजगार मेले में 301 अभ्यर्थियों का चयन हुआ। लालबाग स्थित क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय की ओर से लगे मेले में 11 निजी कंपनियों ने 740 अभ्यर्थियों के इंटरव्यू लिए। इनमें 301 का विभिन्न पदों पर चयन हुआ। इस दौरान कॉलेज प्रबंधक वीके मिश्रा, सेवायोजन के सहायक निदेशक और प्रभारी जिला रोजगार सहायता अधिकारी भी मौजूद रहे।

की वजह नहीं बताई गई है। (संवाद)

## रक्षाबंधन पर थाली मेकिंग प्रतियोगिता



**लखनऊ।** कालीचरण पीजी कॉलेज में मंगलवार को थाली मेकिंग प्रतियोगिता रक्षाबंधन पर केंद्रित रही। प्रबंधक वीके मिश्रा ने कहा कि तीज त्योहार हमारी संस्कृति को जानने का सबसे बेहतर माध्यम हैं। बीबीए की छात्रा कशिश ने पहला स्थान, बीए के अभिषेक ने दूसरा और बीए की रमा भारती ने तीसरा स्थान पाया। प्राचार्य चंद्रमोहन उपाध्याय आदि उपस्थित रहे। (संवाद)

## छात्रों को समय प्रबंधन से लक्ष्य प्राप्ति का दिया मंत्र

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। कालीचरण महाविद्यालय तथा डिपार्टमेंट ऑफ ट्रेनिंग एण्ड एम्प्लायमेंट गवर्नमेंट ऑफ यूपी के संयुक्त तत्वावधान में एक कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन हुआ, जिसमें बीएससी, बीकॉम और बीए के तृतीय व पंचम सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने बहुत उत्साह से भाग लिया।

**कालीचरण महाविद्यालय में कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला सम्पन्न**



कॉलेज में कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्रबंधक इं. वीके मिश्र ने किया। प्रबंधक ने युवाओं को अपेक्षित स्किल के विकास, स्वरोजगार तथा बिजनेस आदि पर ध्यान केन्द्रित करने को कहा। कार्यक्रम में आये जिला सेवायोजन अधिकारी हिमांशु सिंह ने विद्यार्थियों को भविष्य में विभिन्न करियर अवसरों से संबंधित जानकारी दी। विद्यार्थियों को भविष्य में सफल होने के लिए ज्ञान व कौशल अर्जित करने तथा साकारात्मक रवैया अपनाने की जरूरत है। फिजिक्स वाला कोचिंग के शिक्षक गौरव उपाध्याय ने भी विद्यार्थियों को भविष्य की तैयारी के बारे में जागरूक किया। समय प्रबंधन का महत्व समझाया और बताया किस तरह विद्यार्थी अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसे पूरा कर सकते हैं। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के शिक्षक भी उपस्थित रहे। महाविद्यालय में आयोजित काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी समारोह के अवसर पर क्रांतिकारियों को याद करते हुए प्रबन्धक इं. वीके मिश्र ने कहा कि देश को आजाद कराने में क्रांतिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका थी और काकोरी की घटना ने अंग्रेजी प्रशासन की चूले हिला दी थी। प्राचार्य प्रो. चन्द्र मोहन उपाध्याय ने क्रांतिकारियों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन क्रांतिकारियों के बलिदान से ही देश आजाद हुआ था। इन्होंने ये कभी नहीं सोचा कि हमें क्या मिलेगा? इनका सपना तो बस अपने देश को आजाद कराना था।

## भाषण में काजल प्रथम

कालीचरण पीजी कालेज में शुक्रवार को 'आत्मनिर्भर भारत' विषय पर भाषण प्रतियोगिता हुई। इसमें छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर मेक इन इंडिया', 'डिजिटल इंडिया', 'स्टार्टअप्स का विकास', 'स्थानीय उत्पादों का प्रोत्साहन' और 'कौशल विकास' पर जोर दिया। प्राचार्य प्रोफेसर चंद्र मोहन उपाध्याय ने बताया कि प्रथम पुरस्कार बी.ए पांचवें सेमेस्टर की काजल मिश्रा, द्वितीय पुरस्कार एम.ए प्रथम सेमेस्टर के अजीत सिंह और तृतीय पुरस्कार बी.ए तीसरे सेमेस्टर के छात्र अभिषेक शुक्ला को मिला।

## लखनऊ की हर खूबी से वाकिफ थे अमृतलाल नागर

**जयंती**

**लखनऊ, कार्यालय संवाददाता।** कालीचरण पीजी कॉलेज में अमृतलाल नागर की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रबंध समिति के सदस्य अमित टण्डन ने कहा कि नागर जी को लखनऊ की जितनी जानकारी थी उतनी शायद और किसी को नहीं थी। वो लखनऊ के गूगल थे।

कार्यक्रम में बागवान, निकाह, आखिर क्यों जैसी फिल्मों की पटकथा लेखिका और नागर जी की सुपुत्री अचला नागर भी मौजूद रहीं। उन्होंने कहा कि मैं बाबू जी (नागर जी) की पुत्री हूं। इससे बड़ा मेरा परिचय और क्या हो सकता है। उनके द्वारा साहित्य के जो संस्कार मिले उन्हीं को आगे बढ़ा रही हूं। भारत सरकार ने तीन तलाक पर जब कानून बनाया उस समय समाचार चैनलों पर निकाह फिल्म के दृश्य बार-बार दिखाये जा रहे थे और वह इस कानून के लिए एक मजबूत आधार भी बनी, तब ऐसा महसूस हुआ कि बाबू जी की बात को मैं देश वासियों तक पंहुचाने में सफल हुई। इस अवसर पर नागर जी की पौत्र वधु सविता नागर ने बाबू जी के जीवन से जुड़ी घटनाओं का जिक्र किया। महाविद्यालय के प्रबंधक इं वीके मिश्र जी ने कहा कि गौरव का विषय है कि नागर जी हमारे महाविद्यालय के छात्र रहे हैं। बैठक में कॉलेज के बहुद्देशीय सभागार का नाम अमृतलाल नागर सभागार किया गया।

### एआई के सहारे नागर जी की कहानी समाने आयी

पद्मभूषण अमृतलाल नागर के लिखे उपन्यासों के दृश्य आर्टिफिशियल (एआई) इंटेलीजेंस के माध्यम से स्क्रीन पर देखने को मिले। नागर जी की 108 वीं जयंती पर अमृतोत्सव के अन्तर्गत डाक्यूमेंट्री फिल्म्स एवं थिएट्रिकल ट्रस्ट (डीएफटीटी) और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र की ओर से संगीत नाटक अकादमी में अमृतलाल नागर जी पर बनने वाली पहली फीचर लेंथ फिल्म चौक यूनिवर्सिटी का वाईस चांसलर का पहला प्रीमियर किया गया। फिल्म लेखन और निर्देशन राजेश अमरोही एवं सविता शर्मा नागर ने किया है।

## अब कॉलेजों में लगेगा रोजगार मेला

**कालीचरण डिग्री कॉलेज से शुरुआत, 301 युवाओं को चयन**

लखनऊ। क्षेत्रीय सेवायोजन विभाग अब राजधानी के विभिन्न कॉलेजों में रोजगार मेला लगाएगा। चौक स्थित कालीचरण डिग्री कॉलेज से शुक्रवार को इसकी शुरुआत हुई। यहां 11 निजी कंपनियों में 301 युवाओं को रोजगार से जोड़ा गया। नोडल अधिकारी प्रज्ञा त्रिपाठी ने बताया कि सेवायोजन कार्यालय अब अलग-अलग शिक्षण संस्थानों में रोजगार मेला लगाएगा। 20 सितंबर को केकेसी में आयोजन होगा। शुक्रवार को कालीचरण में आयोजित रोजगार मेले में इंस्टा, हेडलाइन डिजिटल, कॅरिअर, मारुति सुजुकी, पेटीएम व भारत फाइनेंशियल सहित 11 कंपनियों ने प्रतिभाग किया। उपस्थित 740 में से 301 विद्यार्थियों का मल्टी प्रोफाइल, सेल्स, सहायक ट्रेनी व अन्य पदों पर चयन हुआ। (संवाद)

## 'युवाओं को स्वरोजगार पर फोकस करना चाहिए'

**एनबीटी सं, लखनऊः** युवाओं को स्किल विकास, स्वरोजगार और खुद के बिजनेस पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। यह बात शुक्रवार को कालीचरण पीजी कॉलेज के प्रबंधक इं. वीके मिश्र ने कही। वह कॉलेज में डिपार्टमेंट ऑफ ट्रेनिंग एंड एम्प्लॉयमेंट गवर्नमेंट ऑफ यूपी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कैरियर काउंसलिंग में बोल रहे थे। इसके अलावा कॉलेज में काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी समारोह के अवसर पर क्रांतिकारियों को याद किया गया। कार्यक्र में जिला सेवायोजन अधिकारी हिमांशु सिंह, प्राचार्य प्रो. चंद्र मोहन उपाध्याय, मीना कुमारी, डॉ. अल्का द्विवेदी, डॉ. अर्चना मिश्रा, डॉ. मनोज कुमार पाण्डेय समेत काफी संख्या में स्टूडेंट्स मौजूद थे।

# 'युवाओं को स्वरोजगार पर फोकस करना चाहिए'

**एनबीटी सं, लखनऊः** युवाओं को स्किल विकास, स्वरोजगार और खुद के बिजनेस पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। यह बात शुक्रवार को कालीचरण पीजी कॉलेज के प्रबंधक इं. वीके मिश्र ने कही। वह कॉलेज में डिपार्टमेंट ऑफ ट्रेनिंग एंड एम्प्लॉयमेंट गवर्नमेंट ऑफ यूपी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कैरियर काउंसलिंग में बोल रहे थे। इसके अलावा कॉलेज में काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी समारोह के अवसर पर क्रांतिकारियों को याद किया गया। कार्यक्र में जिला सेवायोजन अधिकारी हिमांशु सिंह, प्राचार्य प्रो. चंद्र मोहन उपाध्याय, मीना कुमारी, डॉ. अल्का द्विवेदी, डॉ. अर्चना मिश्रा, डॉ. मनोज कुमार पाण्डेय समेत काफी संख्या में स्टूडेंट्स मौजूद थे।

# कालीचरण पीजी कॉलेज में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन

तिजारत संवाददाता



लखनऊ। कालीचरण पीजी कॉलेज लखनऊ ने 3 अगस्त 2024 को श्याम सुंदर दास हाल में बीकॉम बीबीए एम कॉम एवं एम कॉम अप्लाई इकोनॉमिक्स के प्रथम वर्ष के नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया। डॉ रश्मि मिश्रा ने कार्यक्रम का संचालन किया और मेजबानी की जिन्होंने उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की। समारोह का आधिकारिक उद्घाटन प्राचार्य प्रो. चंद्रमोहन उपाध्याय ने महाविद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका प्रो. मीना कुमारी तथा वाणिज्य संकाय सदस्यों के साथ किया। प्राचार्य प्रो. चंद्रमोहन उपाध्याय ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और छात्र-छात्राओं को कॉलेज के विजन, मिशन और मूल्यों के बारे में बताया। कॉलेज के संक्षिप्त विवरण इसके आदर्शवाद, गौरवशाली इतिहास और कालीचरण की प्रतिष्ठा के साथ-साथ मुख्यमंत्री अभ्युदय निःशुल्क कोचिंग योजना के बारे में बताया। इस योजना के अंतर्गत आईएएस आईपीएस पीसीएस यूपीएससीसी जैसी प्रतियोगिताओं की परीक्षा की तैयारी करने के लिए विद्यार्थीयों हेतु कालीचरण महाविद्यालय में निःशुल्क कोचिंग प्रदान की जाएगी। ओरिएंटेशन के दौरान छात्र-छात्राओं को संबंधित संकाय सदस्य डॉ बबिता पांडे नीरज शुक्ला, डॉ प्रीतिश चंद्र वैश्य, डॉ अमित वर्मा, डॉ आलोक कुमार, डॉ विशाल गर्ग, डॉ स्तुति त्रिपाठी एवं डॉ गुंचा फातिमा द्वारा विभिन्न प्रकोष्ठों एवं समितियों, महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं, खेल गतिविधियों, शिक्षण संसाधनों और कॉलेज संस्कृति के बारे में जानकारी दी। विषयों की श्रेणी में लाइब्रेरी, प्रॉक्टोरियल बोर्ड, खेल, एनएसएस, छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति, महिला शिकायत प्रकोष्ठ, पूअर बॉयज फंड, प्लेसमेंट सेल आदि समितियों के बारे में जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त छात्र-छात्राओं को हमारे कॉलेज के नियमों और विनियमों तथा शैक्षणिक कैलेंडर के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम के समापन में डॉ शिव कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। उन्होंने धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन भी किया और विद्यार्थियों को मूल्यवान गुण सीखने और परेशानी मुक्त शैक्षणिक यात्रा की शुभकामनाएं दी। संपूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन फैकल्टी इंचार्ज डॉ रश्मि मिश्रा द्वारा प्राचार्य महोदय के संरक्षण एवं कुशल मार्गदर्शन में किया। कार्यक्रम में लगभग 105 छात्र-छात्राओं के साथ सभी संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# नागर के चित्र का किया अनावरण

**लखनऊ।** कालीचरण पीजी कॉलेज में साहित्यकार अमृतलाल नागर के जन्म जयंती वर्ष पर उनके चित्र का अनावरण किया गया। अमृतलाल नागर की पुत्री अचला नागर ने पिता के जीवन से जुड़ी अनेक घटनाओं का जिक्र किया और कहा कि नागर जी मशीन से मनुष्य बनने का आधार हैं। कॉलेज के प्रबंधक इंजी. वीके मिश्रा ने यहां के बहुउद्देशीय सभागार का नाम अमृतलाल नागर सभागार करने की घोषणा की। प्राचार्य प्रो. चंद्रमोहन उपाध्याय ने कहा कि हमारे कॉलेज के लिए गर्व की बात है कि नागर जी जैसे साहित्यकार की प्रारंभिक शिक्षा इसी कॉलेज से हुई। (संवाद)

# करियर काउंसिलिंग में दी अवसरों की जानकारी

लखनऊ : कालीचरण पीजी कालेज में शुक्रवार को डिपार्टमेंट आफ ट्रेनिंग एंड एंप्लायमेंट गवर्नमेंट आफ यूपी के संयुक्त तत्वावधान में करियर काउंसिलिंग कार्यशाला की गई। शुभारंभ प्रबंधक वीके मिश्र ने किया। जिला सेवायोजन अधिकारी हिमांशु सिंह ने करियर अवसरों से संबंधित जानकारी दी। काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी समारोह पर हुए कार्यक्रम में प्रबंधक वीके मिश्र एवं प्राचार्य प्रो. चंद्र मोहन उपाध्याय ने अपने विचार रखे। (जासं)

# कालीचरण पीजी कालेज में शुरू हुए स्किल डेवलपमेंट कोर्स

जासं • लखनऊ : कालीचरण पीजी कालेज, चौक में कौशल विकास मंत्रालय की राष्ट्रीय कौशल विकास योजना के स्किल हब इनिशिएटिव कार्यक्रम का उद्घाटन शनिवार को कालेज के प्रबंधक वीके मिश्र ने किया। इसके तहत छात्र-छात्राओं को विभिन्न क्षेत्रों में कौशल प्रदान करने के लिए कालेज में छह कौशल विकास आधारित प्रशिक्षण कोर्स शुरू किए गए हैं।

प्राचार्य प्रो. चंद्र मोहन उपाध्याय ने बताया कि इन प्रशिक्षण कार्यक्रम में मार्केटिंग एंड सेल्समैनशिप, अकाउंटिंग एंड आडिटिंग, इनफार्मेशन टेक्नोलाजी, हैंडीक्राफ्ट, कोर्सेज रिलेटेड टू ब्यूटीशियन, टेक्नीशियन इज सेवेरल एरियाज शामिल हैं। इसका प्रशिक्षण कालेजों के विद्यार्थियों के लिए निश्शुल्क रहेगा। उन्होंने बताया कि कालेज में इस समय 60-60 विद्यार्थियों के चार बैच लाइव चल रहे हैं। छह महीने के प्रशिक्षण के बाद इन प्रशिक्षुओं को भारत सरकार से निर्धारित प्रारूप में प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा।

नवरस कथा फिल्म का प्रमोशन करने पहुंचे कलाकार : नवरस कथा फिल्म का प्रमोशन करने डायरेक्टर प्रवीन हिंगोनिया, कलाकार अभिषेक मिश्रा, अमिता शर्मा अपनी टीम के साथ कालेज पहुंचे। उन्होंने फिल्म का प्रोमो भी लांच किया। सभी ने फिल्म देखकर उसे सराहा।